# प्रेस नोट थाना रोजा

**जनपद शाहजहाँपुर**

**सराहनीय कार्य दिनांक 23.10.2025**

## "थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर पुलिस एवं थाना साइबर क्राइम, असनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट (ADPC), पश्चिम बंगाल की संयुक्त टीम द्वारा साईबर क्राइम से पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान "रोकथाम जुर्म-जरायम, साइबर अपराध एवं गिरफ्तारी वांछित अभियुक्तगण" के क्रम में थाना रोजा पुलिस व पश्चिम बंगाल पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

### संक्षिप्त विवरण -

वादी मुकदमा **श्री अमल मन्ना पुत्र स्व0 धीरेन्द्रनाथ मन्ना, उम्र लगभग 61 वर्ष, निवासी वलभद्र टावर, फ्लैट नं0 A/3, कोर्ट मोड़, असनसोल, जनपद पश्चिम बर्धमान (पश्चिम बंगाल)** द्वारा खुद को डिजिटल अरेस्ट कर **अभियुक्तगण द्वारा लगभग ₹3.86 करोड़ रुपये की ठगी/वसूली किये जाने** के संबंध में थाना **साइबर क्राइम, असनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट (ADPC), पश्चिम बंगाल** पर **मु0अ0सं0– 51/25, धारा 308(6), 316(2), 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बी0एन0एस0** में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

आज दिनांक **23.10.2025** को उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त **अभिषेक सम्राट सिंह पुत्र स्व0 गेंदन लाल, उम्र लगभग 27 वर्ष, निवासी ग्राम अहमद नगर, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर** को **मुखबिर की सूचना पर समय 09:21 बजे पूर्वाह्न, मोहल्ला गोविन्द नगर, मठिया कॉलोनी, थाना रोजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।** गिरफ्तारी की कार्यवाही **थाना रोजा पुलिस व थाना साइबर क्राइम, असनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट (ADPC), पश्चिम बंगाल** की संयुक्त टीम द्वारा की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध **पश्चिम बंगाल से आयी पुलिस टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने की प्रक्रिया प्रचलित है।**

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

अभिषेक सम्राट सिंह पुत्र स्व0 गेदन लाल, उम्र करीब 27 वर्ष, नि0ग्रा0 अहमद नगर, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर

### गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय -

दिनांक 23.10.2025 समय 09.21 AM बजे, मोहल्ला गोविन्द नगर मठिया कॉलोनी थाना रोजा जिला शाहजहांपुर ।

### गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी का विवरण -

एक मोबाइल फोन सेमसंग कम्पनी, रंग काला, IMEI नं0 354864600806724/01

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 अभिषेक कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 अभिषेक कुमार , थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 कपिल कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
5. हे0का0 298 राजवीर सिंह, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर
6. उ0नि0 दीपांकर देवनाथ ADPC पश्चिम बंगाल
7. उ0नि0 आलोक मजूमदार ADPC पश्चिम बंगाल
8. उ0नि0 अभिजीत घोष ADPC पश्चिम बंगाल
9. का0 गोपाल सेन ADPC पश्चिम बंगाल
10. का0 इमरान मण्डल ADPC पश्चिम बंगाल
11. का0 नारायण पाल ADPC पश्चिम बंगाल